तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री

न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, मंगलवार, 30 सितंबर 2025



11 छात्रों को पढ़ाया पर्यावरण संरक्षण का पाठ





10 मां भगवती के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का लगा रहा तांता




## खबर संक्षेप

### जिला परिवेदना समिति की बैठक आज

**जींद।** जिला परिवेदना कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक का आयोजन 30 सितंबर मंगलवार को सुबह दस बजे डीआरडीए के सभागार में होगा। इस बैठक की अध्यक्षता जिला कष्ट निवारण समिति के चेयरमैन एवं हरियाणा के शिक्षा एवं संसदीय कार्य मंत्री महिपाल ढांडा करेंगे।

### मारपीट में एक घायल शिकायत पर केस दर्ज

**कैथल।** गांव खेड़ी गुलाम अली में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। खेड़ी गुलाम अली के मोहित शर्मा ने सीवन पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 24 सितंबर को जब वह रात के करीब 8:00 बजे गांव से जा रहा था तो गांव के ही रोहित, मनीष, अजय, शिवांशु ने मिलकर उसका रास्ता रोकते हुए उसके साथ मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया। बाद में आरोपी मौके से फरार हो गए।

### दुकान का टूटा ताला नकदी व सामान चोरी

**जींद।** गांव ऐंचरा कलां में बीती रात चोरों ने परचून दुकान का ताला तोड़ कर आठ हजार रुपये की नगदी, परचून सामान को चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव ऐंचरा कलां निवासी सोमपाल ने पुलिस को मामले में शिकायत दी है।

### जमीन कब्जाने की नीयत से फसल पर चलाया ट्रैक्टर

**कैथल।** राजौंद पुलिस ने गांव कूकरकंडा में जमीन को कब्जाने की नीयत से धान की फसल को नष्ट करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। गांव करोड़ा के बिंदु ने राजौंद पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 28 सितंबर को गांव करोड़ा के कृष्ण, बलजीत, सुमित, राजू ने मिलकर जमीन कब्जाने की नीयत से ट्रैक्टर चला दिया।

### हेरोइन के साथ बाइक सवार दो युवक काबू

**जींद।** गढ़ी थाना पुलिस ने गांव रसीदां में बाइक सवार दो युवकों को काबू कर उनके कब्जे से छह ग्राम, तीन मिलीग्राम हैरोइन बरामद की है। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए युवकों की पहचान गांव करीम नगर पंजाब निवासी अमनदीप तथा अमरीक के रूप में हुई।

### क्योडक में मारपीट में एक घायल

**कैथल।** कैथल के गांव क्योडक में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। इस संबंध में गांव क्योडक के सनी ने सदर पुलिस कैथल को दी शिकायत में बताया कि 27 सितंबर को जब वह रात करीब नौ बजे गांव से जा रहा था तो गांव के ही विशाल, गौरव ने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर उसका रास्ता रोकते हुए उसे पर लाठी डंडे और गंडासियों से हमला करते हुए उसे घायल कर दिया।

### निर्माणाधीन नाला तोड़ने पर पांच पर मामला दर्ज

**जींद।** गांव ढिगाना में फिरनी के साथ बनाए जा रहे नाले को तोडऩे पर जुलाना थाना पुलिस ने तीन लोगों को नामजद कर दो अन्य के खिलाफ सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### किठाना में दुकान से तीन लाख चोरी

**कैथल।** गांव किठाना से चोर एक दुकान से लाखों रुपए की नकदी चुरा कर ले गए। किठाना के योगेंद्र ने राजौंद पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 28 सितंबर की रात को कर उसकी दुकान में घुसकर वहां पर रखी तीन लाख की नकदी चुरा कर ले गए। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

---

उत्तरप्रदेश से विशेष रूप से पहुंचे कारीगर

# कैथल के चंदाना गेट पर होगा 61 फीट रावण के पुतले का दहन, करीब 15 दिनों से पुतले बनाने में जुटे कारीगर

नरेश पंवार ⏭कैथल

जिले में दशहरे पर्व की तैयारियां जोर शोर से शुरू कर दी गई हैं। दशहरे के पर्व पर जिले में दर्जनों स्थानों पर रावण के विशालकाय पुतलों का दहन किया जाता है। वर्षों से शहर के चंदाना गेट स्थित रामलीला के मैदान में किया जाने वाला पुतला दहन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा है। इस बार भी शहर के चंदाना गेट स्थित रामलीला उत्सव स्थल पर में 61 फीट का रावण, 55 फीट का कुंभकर्ण और 50 फीट का मेघनाथ का पुतला दहन किया जाएगा। रावण परिवार के इन पुतलों को तैयार करने के लिए उत्तर प्रदेश के कारीगर शहर एक धर्मशाला में पहुंचे हैं। यह कारीगर पिछले करीब 40 साल से यूपी के मुजफ्फरनगर से पहुंच रहे हैं। खास बात यह है कि कैथल में तैयार रावण परिवार के पुतले करनाल, कुरुक्षेत्र और यमुनानगर और पंजाब के पातड़ा जिले तक भी भेजे जाते हैं।

**खास बातें**

- कारीगर पिछले 40 साल से यूपी के मुजफ्फरनगर से पहुंच रहे
- खास बात यह है कि कैथल में तैयार रावण परिवार के पुतले अन्य जिलों में भी भेजे जा रहे

### 12 से अधिक पुतले तैयार किए : मोहम्मद अख्तर

**पुश्तैना काम है पुतले बनाना**

यूपी के मुजफ्फरनगर से पहुंचे मोहम्मद अख्तर ने बताया कि पुतलों को बनाने का यह काम उनका पुश्तैनी काम है। वर्ष 2010 से पहले उनके पिता बुंदू पुतले बनाने के लिए पहुंचते थे। परंतु उनकी मौत के बाद वह यहां पर पुतले बनाने के लिए वे अपने भाई और बेटों के साथ पहुंच रहे हैं। उनके साथ उनके भाई मोहम्मद अनुवार व बेटे मोहम्मद रुहिल व मोहम्मद असलम सहित कुछ मजदूर पुतलों का निर्माण करवा रहे हैं। अख्तर ने बताया कि इस साल भी उन्होंने कैथल सहित अन्य जिलों में भेजने के लिए 12 से अधिक पुतले तैयार किए है। इन पुतलों का निर्माण कार्य अब अंतिम चरण में है। आगामी एक अक्टूबर को यह पुतले कमेटियों को सौंप दिए जाएंगे।



कैथल। कैथल में दशहरा पर्व को लेकर पुतले तैयार करते कारीगर। फोटो : हरिभूमि

### श्रीराम दशहरा उत्सव समिति मनाएगी उत्सव

श्रीराम दशहरा उत्सव समिति की ओर से चंदाना गेट स्थित रामलीला उत्सव स्थल पर किया जाएगा। समिति के प्रधान संदीप सैनी ने बताया कि उत्सव को लेकर सभी तैयारियां अंतिम चरण में है। इस बार भी तीन पुतलों का ही दहन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें 61 फीट का रावण, 55 फीट का कुंभकर्ण और 50 फीट का मेघनाथ के पुतला का दहन किया जाएगा।

### कैथल से दूसरे जिलों में भी भेजे जाएंगे पुतले

मोहम्मद अख्तर ने बताया कि कैथल के साथ ही रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ के पुतले चीका, खनोरी, कुरुक्षेत्र, पिहोवा, इंद्री व करनाल में भी भेजे जाएंगे। इन पुतलों को बनाने के लिए यूपी के ही मेरठ व सहारनपुर से सामान आता है। पुतलों में लगाया जाना वाला बांस मेरठ और अन्य सामान सहारनुपर से लाया जाता है। इसमें बांस के अलावा सुतली, चिकनी रद्दी, चमक, सूती कपड़ा व पेंट का प्रयोग किया जाता है।

### कार व बाइक की टक्कर में युवक की मौत, केस

**कैथल।** पाडला रोड ड्रेन के पास शुक्रवार रात कार व बाइक की टक्कर में बाइक सवार 25 वर्षीय युवक मनीष राणा की मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक मौके से भाग गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में सिरटा रोड गली नंबर 9 निवासी राजेश कुमार ने बताया कि पाडला निवासी मनीष राणा उसका दोस्त है। वह 27 सितंबर की रात करीब आठ बजे कैथल से अपने गांव लौट रहा था। जैसे ही वह पाडला रोड ड्रेन के नजदीक पहुंचा तो सामने से आ रही सफेद रंग की ऑल्टो कार ने तेज रफ्तार और लापरवाही से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद मनीष गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

---

## विस उपाध्यक्ष ने पेपर रहित रजिस्ट्री व न्याय निगरानी प्रणाली पोर्टल किया लॉन्च

*ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है सरकार*

# सुशासन और पारदर्शिता के प्रति सरकार संकल्पबद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि सरकार सुशासन, पारदर्शिता, उत्तरदायित्व एवं जनसरोकारों के प्रति संकल्पबद्ध प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। वर्तमान युग सूचना एवं प्रौद्योगिकी क्रांति का युग है। प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेशवासियों को सुशासन व्यवस्था देते हुए ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से जीरो टॉलरेंस पर कार्य किया जा रहा है। डिजिटल हरियाणा के सपने को पूरा करने का किया जा रहा है। पेपर रहित रजिस्ट्री, निशानदेही मिलने से प्रदेशवासियों को राहत मिलेगी और उन्हें घर बैठे ही सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा सोमवार को राजस्व विभाग द्वारा डीआरडीए हॉल में आयोजित पेपर रहित रजिस्ट्री प्रणाली, पेपर रहित निशानदेही, व्हाट्सअप, चैटबोट, राजस्व न्याय निगरानी प्रणाली पोर्टल लांच के जिलास्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उचाना के विधायक देवेंद्र चतुर्भुज अत्री विशिष्ठ अतिथि के रूप में शामिल हुए। जिला स्तरीय कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र जिला की बाबैन तहसील से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रदेशस्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। डिप्टी स्पीकर डा. मिड्ढा ने कहा कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश में आमजन को दी जाने वाली कई सेवाओं का ऑनलाइन किया था। उसी परिपाटी को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री प्रदेश की जनता के लिए कार्य कर रहे हैं। इसका फायदा भी मिल रहा है।

**डिजिटल हरियाणा के सपने को पूरा करने का किया जा रहा**





जींद। मंच पर मौजूद डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा व अन्य व सीएम का लाइव कार्यक्रम देखते हुए। फोटो : हरिभूमि

### राजस्व विभाग ने लगाया रक्तदान शिविर

राजस्व विभाग द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में हरियाणा के डिप्टी स्पीकर ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर उनका हौसलावर्धन किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महादान है। यह एक ऐसा पुण्य कार्य है, जिससे किसी की जिंदगी बचाई जा सकती है। हर स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से स्वेच्छा से रक्तदान करना चाहिए।

### विकास के आयाम स्थापित : अत्री

उचाना के विधायक देवेंद्र चतुर्भुज अत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार नित नए विकास के आयाम स्थापित कर रही है। पेपरलेस व्यवस्था देकर ऐतिहासिक कार्य किया गया है। प्रदेशवासियों को ऑनलाईन व्यवस्था से अनेकों सुविधाओं का लाभ उनके घर द्वार पर दिया जा रहा है। जनता के बीच पारदर्शी व्यवस्था दी जा रही है। जिससे भ्रष्टाचार को समाप्त किया जा रहा है। प्रदेशवासियों को साफ. सुथरा एवं सुगम, सुशासन दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री प्रदेश की जनता के हित में निरंतर कार्य कर रहे हैं। आज के समय पर आमजन को इधर-उधर चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है बल्कि ऑनलाइन व्यवस्था से उनके कार्य हो रहे हैं। राजस्व विभाग द्वारा कई महत्वपूर्ण सेवाओं को ऑनलाईन किया गया है। जिससे प्रदेश की जनता को सीधा लाभ मिलेगा और उनके समय की भी बचत होगी। इस अवसर डीसी मोहम्मद इमरान रजा, उचाना के एसडीएम दलजीत सिंह, सफीदों एसडीएम पुलकित मल्होत्रा, डीआरओ राजकुमार, तहसीलदार निखिल सिंगला, नायब तहसीलदार बलराज जाखड़ आदि मौजूद रहे।



कैथल। एसडीएम अजय सिंह विधायक सतपाल जांबा को सम्मानित करते हुए।

*विधायक जांबा मौजूद रहे*

## कैथल में पेपरलैस रजिस्ट्री और निशानदेही हुई शुरू

- पूंडरी से विधायक सतपाल जांबा, पूर्व विधायक लीला राम व कुलवंत बाजीगर ने कार्यक्रम में की बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

डीसी प्रीति ने कहा कि सरकार द्वारा आमजन की सुविधा के लिए डिजिटल की इस दुनिया में राजस्व विभाग की चार नई ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू करके एक ऐतिहासिक कदम बढ़ाया है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बाबेन (कुरूक्षेत्र) से पेपर रहित रजिस्ट्री प्रणाली, पेपर रहित निशानदेही, व्हाट्सएप चैटबोट, राजस्व न्यायालय निगरानी प्रणाली का शुभारंभ किया है। इससे जमीनों की रजिस्ट्री व अन्य कार्य काफी सरलतम और सुगम होंगे। नागरिकों को अब घर बैठे ही सेवाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। डीसी प्रीति सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में राजस्व विभाग की ऑनलाइन प्रक्रिया के शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान संबोधित कर रही थी।

**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम में पहुंचने पर एसडीएम अजय कुमार ने विधायक सतपाल जांबा, पूर्व विधायक लीला राम, एसडीएम गुहला कैप्टन परमेश सिंह ने नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग, सीटीएम गुरविंद्र सिंह ने पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर व डीआरओ चंद्र मोहन ने जिला भाजपा प्रतिनिधि के तौर पर पहुंचें भाजपा जिला महामंत्री सुरेश संधू को स्मृति चिन्ह के तौर पर पौधे प्रदान कर स्वागत किया। जिप चेयरमैन कर्मबीर कौल व अन्य भी पहुंचे।

---

# पटाखा फैक्ट्री पर सीएम फ्लाइंग की छापेमारी

- आतिशबाजी की 130 पेटियां जब्त, अवैध रूप से चल रही थी फैक्ट्री, कार्रवाई की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी

पूंडरी में चल रही एक अवैध पटाखा फैक्ट्री पर आज सीएम फ्लाइंग टीम ने बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान टीम ने मौके से लगभग 130 पेटियां पटाखों की बरामद कर कब्जे में लीं। फैक्ट्री चीमा कॉलोनी, 40 फूटा रोड के पास एक बिल्डिंग में गुप्त रूप से चलाई जा रही थी। सूत्रों से मिली गुप्त सूचना के आधार पर सीएम फ्लाइंग की टीम ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट तहसीलदार दिनेश सिंह के नेतृत्व में छापेमारी की। हालांकि, फैक्ट्री संचालकों को पहले ही भनक लग गई और टीम के पहुंचने से पहले ही वे मौके से फरार हो गए। टीम ने मौके की तलाशी के दौरान पाया कि बिल्डिंग के अंदर पटाखे बनाने में इस्तेमाल होने वाली विस्फोटक सामग्री और अन्य उपकरण बड़ी मात्रा में मौजूद थे। बरामद 130 पेटियों की गिनती फायर सेफ्टी विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में की गई और सभी सामान को जब्त कर लिया गया।इस छापेमारी से इलाके में हड़कंप मच गया और स्थानीय लोगों ने भी राहत की सांस ली।



पूंडरी। पटाखा फैक्ट्री पर कार्रवाई करती हुई सीएम फ्लाइंग।

**दस्तावेज नहीं मिले**

उन्हें डीसी कैथल द्वारा ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया था। उन्होंने कहा कि सीएम फ्लाइंग को गुप्त सूचना मिलने पर यह कार्रवाई की गई और मौके पर पटाखा फैक्ट्री चलती हुई पाई गई। पूरे मामले में कानून अनुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है। मौके पर फैक्ट्री संचालक नहीं मिले और न ही वैध के कोई उन्हें दस्तावेज मिले है।

-दिनेश सिंह, ड्यूटी मजिस्ट्रेट पूंडरी।

# पौधरोपण कर स्वच्छता का संदेश दिया

- अपने घर, मोहल्ले और गांव को स्वच्छ बनाएं और आसपास गंदगी नही फैलाएं : गौतम

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

सफीदों के विधायक रामकुमार गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से लेकर दो अक्टूबर तक पूरे देश में सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस सेवा पखवाड़ा के दौरान पूरे देशभर में स्वास्थ्य जांच शिविर, रक्तदान शिविर, टीकाकरण अभियान, स्वच्छता अभियान और पौधारोपण किया गया।



जींद। पौधे वितरित करते हुए विधायक रामकुमार। फोटो : हरिभूमि

**झाड़ू लेकर की सफाई**

इस मौके पर विधायक रामकुमार गौतम ने गांव बिटानी में स्वच्छता अभियान में स्वयं भाग लिया और हाथ में झाड़ू लेकर गांव में सफाई की और उपस्थित लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नही बल्कि जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए। विधायक रामकुमार गौतम ने गांव में पौधारोपण भी किया। उन्होंने कहा कि पृथ्वी पर पेड़, पौधों के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती।

---

# त्योहारों को लेकर बाजारों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

त्योहारों का सीजन के मध्यनजर जिला पुलिस ने सर्तकता को बढा दिया है। पूरे जिले में सुरक्षा के बेहद कड़े प्रबंध किए हैं। भीड़-भाड़ वाले इलाकों में विशेष चौकसी बरती जा रही है। पैदल गश्त के साथ राइडर, पट्रोलिंग पार्टियों को भी लगाया गया है। भीड़भाड़ वाले इलाकों में सादे कपडों में पुलिस तथा महिलाकर्मियों को तैनात किया गया है। त्यौहारों के सीजन को देखते हुए गश्त के साथ पेट्रोलिंग पार्टियों को प्रभावी बनाया गया है। शहर में 18 राइडर व चार ईआरवी वाहन के अलावा पांच अन्य पुलिस गाडियां द्वारा लगातार पेट्रोलिंग की व्यवस्था की गई है। सादे कपडों में पुलिसकर्मी भीड़भाड़ वाले इलाकों में तैनात किया गया है।

**भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिस ने गश्त बढ़ाई**



जींद। शहर में तैनात पुलिसकर्मी।

**प्रदर्शन** चीका मंडी में मार्किट कमेटी कार्यालय के बाहर किसानों का धरना

किसान नेता हरदीप बदसूई व अन्य ने व्यवस्था को लेकर जताई नाराजगी

# धान खरीद व उठान में देरी से नाराज किसानों का प्रदर्शन, जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭गुहला-चीका

चीका की अनाज मंडी में धान की सरकारी खरीद (सरकारी अनाज क्रय प्रक्रिया) तो शुरू हो चुकी है, लेकिन धान के उठान में हो रही देरी से किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। किसानों ने मार्किट कमेटी के कार्यालय के बाहर धरना देकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन में शामिल किसान नेता हरदीप बदसूई, भाकियू चढूनी के प्रदेश उपाध्यक्ष चमकौर बनेड़ा, जिला उपाध्यक्ष केवल सदरहेड़ी, शहीद भगत सिंह यूनियन के जिलाध्यक्ष जगदेव पुनिया, गुरदेव सिंह, कुलविंद्र सिंह, संदीप सिंह, युवा नेता दीपक चीका और चरणजीत बाजबा ने बताया कि 22 सितंबर से धान की सरकारी खरीद शुरू कर दी गई थी। सरकार ने तीन एजेंसियों डीएफएससी (जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक), हैफेड (हरियाणा राज्य सहकारी आपूर्ति एवं विपणन संघ) और वेयर स्टेट हाउस को खरीद कार्य के लिए नियुक्त किया था। लेकिन धान का उठान नहीं हो पा रहा है।



गुहला-चीका। मार्किट कमेटी कार्यालय के बाहर धरना देते किसान।

**प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही**

अनाज मंडी में सरकारी खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। कुछ दिन ऑनलाइन प्रक्रिया (डिजिटल सिस्टम) में परेशानी के कारण धान उठान में देरी हुई थी, लेकिन अब ट्रक ऑनलाइन बुकिंग के जरिए उपलब्ध कराए जा चुके हैं। आने वाले दिनों में किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य कैंप का हुआ आयोजन

**उचाना।** सशक्त नारी सशक्त परिवार योजना के तहत ओम इंटरनेशनल स्कूल दरोली खेड़ा में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित हुआ। ये शिविर प्राचार्या डिंपल अरोड़ा की देखरेख में आयोजित हुआ। पीएचसी दुर्जनपुर से डा. संदीप की अगुवाई में स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची। स्कूल स्टॉफ एवं बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की।

### निडाना में मनाया गया सेवा सुरक्षा पखवाड़ा

**जींद।** स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार को सरकार पहले सेवा पखवाड़े को 17 सितंबर से दो अक्टूबर गांधी जयंती तक मनाकर महिलाओं को स्वस्थ बनाने का प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में सोमवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र निडाना में यह सेवा पखवाड़ा मनाया गया। इस सेवा पखवाड़े से सपेशलिस्ट डाक्टर की ड्यूटी लगाकर जनता को सभी तरह की स्वास्थ्य सुविधा दी गई।

### खेल महाकुंभ में जींद के खिलाड़ियों ने जीते पदक

**जींद।** जिला खेल अधिकारी रामपाल ने बताया कि 24 से 26 सितंबर तक हरियाणा के विभिन्न जिलों में खेल महाकुंभ के दूसरे चरण की प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिसमें जिला जींद के खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया। क्रिकेट खेल का आयोजन जिला गुरुग्राम में किया गया। जिसमें लड़कियों की टीम ने द्वितिय स्थान प्राप्त किया।

### दो युवतियां गायब मामले दर्ज

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से दो युवतियों के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। पुलिस मामलो की जांच कर रही है। गांव जुलानी निवासी एक युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी बहन घर से गायब हो गई। वहीं पिल्लूखेड़ा निवासी युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी बहन घर से गायब हो गई।

### किसान छात्र एकता संगठन ने सौंपा ज्ञापन

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में हॉस्टल समस्याओं को लेकर किसान छात्र एकता संगठन ने सोमवार को कुलसचिव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से बताया कि हॉस्टल में छात्रों के लिए लगातार समस्याएं बनी हुई हैं। मगर प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

### रिक्त सीटों पर फिजिकल काउंसलिंग आज

**जींद।** जिले के विभिन्न कालेजों में यूजी व पीजी कोर्स में खाली बची सीटों पर दाखिले के लिए फिजिकल काउंसलिंग का मंगलवार को आखिरी दिन है। अभी भी कॉलेजों में सीट खाली बची हुई हैं। जबकि जिलेभर के विभिन्न कॉलेजों में विभिन्न संकायों में खाली पड़ी सीट पर दाखिले के लिए कॉलोजों की मांग पर उच्चतर शिक्षा विभाग ने दोबारा से पोर्टल खोला था।

### चंदाना गेट पर हुई मारपीट में एक घायल

**कैथल।** शहर के चंदाना गेट पर हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। चौधरी पट्टी शक्ति नगर के मोहित कुमार ने शहर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 25 सितंबर को जब वह रात को करीब 10:00 बजे कृष्ण ने पांच अन्य साथियों के साथ मिलकर लाठी डंडे हमला कर दिया।

### शराब तस्करी मामले में उद्घोषित गिरफ्तार

**कैथल।** पीओ पकड़ो स्टाफ द्वारा शराब तस्करी करने के मामले में पीओ आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। एसआई ओमप्रकाश की अगुवाई में एसआई सतीश कुमार की टीम द्वारा आरोपी गांव सीवन निवासी रत्ना को गिरफ्तार कर लिया गया।

---

### सप्तमी के मौके पर जयंती देवी मंदिर में लगा भव्य मेला

# मां भगवती के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का लगा रहा तांता

## मां भगवती की पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगी

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद


शारदीय नवरात्र की सप्तमी के मौकेपर सोमवार को जयंती देवी मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मां भगवती की पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगी। जयंती देवी मंदिर में मां भगवती के दर्शन करने के लिए पूरे दिन श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इससे पहले मंदिर प्रांगण में रविवार रात को जागरण का आयोजन हुआ। जिसमें श्रद्धालु मां की भेटों पर जमकर झूमे। जागरण में जींद से भाजपा विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा के बेटे रूद्राक्ष मिड्ढा ने शिरकत की और मां का आर्शीवाद प्राप्त किया।

जयंती देवी मंदिर में सोमवार को अल सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी लाइनें लगनी शुरू हो गई थी। दिन निकलते-निकलते मंदिर परिसर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु जमा हो गए तथा चारों तरफ मां भगवती के जयकारे गूंजने लगे। यह क्रम रात तक जारी रहा। श्रद्धालुओं की भीड़ के कारण मंदिर के सामने कई बार जाम की स्थित बन गई। दिनभर श्रदालुओं का आवागमन पूजा अर्चना के मदिर परिसर मे लगा रहा। मेले का हुआ आयोजन, श्रद्धालुओं ने जमकर खरीददारीः दुर्गा सप्तमी को देखते हुए रविवार शाम ही मंदिर परिसर तथा बाहर छोटी दुकानें सज गई थी। जिसमें बच्चों के खिलौने तथा प्रसाद था। मेले में महिलाओं तथा बच्चों ने जम कर खरीददारी की। श्रद्धालुओं को मां भगवती के दर्शन के लिए लाइन में लगना पड़ा।

देवी के दर्शन के लिए दूरदराज से महिलाओं की टोलियां भजन गाते हुए दर्शन के लिए आए। मंदिर परिसर में रविवार रात को जागरण का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने माता के जयकारे लगाए और फिर सुबह उनमें प्रसाद वितरित किया गया।



जींद। जयंती देवी मंदिर में आयोजित जागरण में मां की भेंटें सुनाते हुए कलाकार।



जींद। जयंती देवी मंदिर में जागरण के दौरान निकाली गई झांकी। फोटो : हरिभूमि

### नर्वाण महायज्ञ में डाली आहुति

**जींद।** निर्मल करें अपने अंतर्मन को मां को यदि पाना है। मां के दरबार में महत्व इस बात का नहीं कि व्यक्ति कितना ज्ञानवान है, धनवान है अथवा उसकी समाज में कितनी प्रतिष्ठा है अपितु महत्व इस बात का है कि उसका अंतःकरण कैसा हैए क्योंकि पवित्र अंतःकरण ही वह दर्पण है। जिसमें मां का प्रतिबिम्ब सम्पूर्ण दिव्यता से झलकता है। यह सद्वचन आचार्य पवन शर्मा ने नवरात्रों की सातवीं रात्रि रविवार को माता वैष्णवी धाम में आयोजित नवार्ण महायज्ञ के अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए अपने वक्तव्य में कहे। आईईएस मन्नू गर्ग, सीए साहिल गोयल, सौरभ गोयल, अंकित जैन, सुशील सिंगला, जतिन गर्ग, सोनू गर्ग, तिलक जुनेजा, शिवदत्त शर्मा, जय कुमार गर्ग ने सपरिवार मां कात्यायनी की पूजा अर्चना की व महायज्ञ में आहुति दी।

---

# एचएसईबी कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭सीवन

एचएसईबी वर्कर यूनियन के बैनर तले बिजली बोर्ड कार्यालय सीवन में लगातार दूसरे दिन गेट मीटिंग का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान राजकुमार ने की जबकि मंच संचालन का दायित्व सचिव पवन कुमार ने निभाया।

अपने संबोधन में यूनियन प्रधान राजकुमार ने विभागीय अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि फीडर स्तर पर कर्मचारियों की भारी कमी है। लाइन स्टाफ को काम करने के लिए आवश्यक साधन भी उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं। इसके बावजूद एसडीओ सीवन कर्मचारियों पर अनुचित दबाव बना रहे हैं।

राजकुमार ने स्पष्ट किया कि यूनियन इस रवैये का कड़ा विरोध करती है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कर्मचारियों के तबादले पारदर्शी तरीके से नहीं किए गए और उनकी लंबित मांगों को जल्द पूरा नहीं किया गया, तो आंदोलन अनवरत जारी रहेगा।



सीवन। बिजली बोर्ड प्रांगण में नारेबाजी करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि



उचाना। बीरेंद्र सिंह कॉलेज ऑफ नर्सिंग की विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### बिरेंद्र सिंह कॉलेज की छात्राएं छाई

**उचाना।** टीएनएआई हरियाणा राज्य शाखा और एसजीटी यूनिवर्सिटी गुरुग्राम ने सयुंक्त रूप से एसएनएआई द्विवार्षिक सम्मेलन, खेल और सांस्कृतिक बैठक 2025 का आयोजन किया। हरियाणा के सभी कॉलेजों ने पुणे, महाराष्ट्र में नवंबर 2025 में होने वाले 31 वें एसएनएआई राष्ट्रीय सम्मेलन में अपनी जगह बनाने के लिए भाग लिया। बिरेंद्र सिंह कॉलेज ऑफ नर्सिंग कि तरफ से प्रिंसिपल डा. बाबा वजराला, स्टाफ सदस्य सुमन, कनिका और कई विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। बिरेंद्र सिंह कॉलेज ऑफ नर्सिंग से एसएनएआई की उपाध्यक्ष गुरलीन ने कॉलेज स्तर पर निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया और हर्षिता बीएससी नर्सिंग तृतीय सेमेस्टर से एकालाप प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। दो छात्राएं हरियाणा राज्य एसएनएआई से राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन में प्रतिनिधित्व करेंगे। कॉलेज ने पहली बार एसएनएआई द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में भाग लिया और इनाम प्राप्त किए।

### पंडित दीनदयाल का जीवन दर्शन हमारी प्रेरणा का स्रोत : प्रो. सैनी

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि जींद में पंडित दीनदयाल उपाध्याय केंद्र द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन विवि कुलपति प्रोफेसर रामपाल सैनी के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम निजी अस्पताल के सहयोग से आयोजित किया गया। इसमें अस्पताल की टीम ने विद्यार्थियों और सभी विभागों के डीनस विभागाध्यक्ष सभी प्रोफेसर नॉन टीचिंग का निशुल्क चेकअप किया गया। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य जांच सेवाएं प्रदान की गईं। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में लोगों का ईसीजीए बीपीए शुगर और रक्त परीक्षण किया गया। कुलपति प्रोफेसर रामपाल सैनी ने कहा कि यह स्वास्थ्य जांच शिविर समाज के लिए एक महत्वपूर्ण सेवा है।

---

### अग्रवाल समाज के प्रधान ने बच्चों को किया पुरस्कृत

**जींद।** अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के अध्यक्ष राजकुमार गोयल व उनकी टीम द्वारा अग्रसेन स्कूल गांधी नगर जींद में उन बच्चों को पुरस्कृत किया गया। जिन्होंने श्याम गार्डन में आयोजित भव्य परिचय सम्मेलन में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर अग्रसेन स्कूल के प्रधान महावीर गुप्ता, सचिव जनेंद्र जैन, गोविंद गुप्ता, सावर गर्ग, रामधन जैन, पवन बंसल, सोनू जैन इत्यादि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। महावीर गुप्ता ने बताया कि अग्रसेन स्कूल के बच्चों ने परिचय सम्मेलन में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इन बच्चों ने जो शानदार प्रस्तुतियां दी उन प्रस्तुतियों ने सम्मेलन में उपस्थित हजारों लोगों का मन मोह लिया। सम्मेलन में 17 से ज्यादा राज्यों से हजारों की तादाद में अग्रबंधु आए हुए थे।



जींद। अग्रसेन स्कूल के बच्चों को पुरस्कृत करते प्रधान राजकुमार गोयल।



प्रतियोगिता में विजेता रही एसडी महिला कॉलेज की टीम मेडल के साथ।

### खोखो में एसडी महिला कॉलेज की टीम प्रथम

**नरवाना।** सनातन धर्म महिला महाविद्यालय की टीम ने इंटर कॉलेज खो-खो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर कॉलेज व क्षेत्र का नाम रोशन किया। यह जानकारी देते हुए मधु शर्मा और मनीषा नैन ने बताया कि पीआईजी कॉलेज जींद में चल रहे दो दिन के इंटर कॉलेज खो खो में विभिन्न कॉलेज की कई टीमों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि हमारे महाविद्यालय ने इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। फाइनल मैच में महाविद्यालय की टीम का मुकाबला हिन्दू कॉलेज जींद की टीम से हुआ जिसमें महाविद्यालय की टीम ने उन्हें समय से पांच मिनट पहले ही हरा दिया और अपना परचम लहराया। इस प्रतियोगिता में प्रिया और मुस्कान ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया और ऑल इंडिया नॉर्थ जॉन की टीम में महाविद्यालय की 6 छात्राओं का चयन हुआ।

### मोबाइल वैन कर रही लोगों को जागरूक

**उचाना।** बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जिन गांवों में लिंगानुपात कम है वहां मोबाइल वैन ग्रामीणों को लिंगानुपात के बारे में लोगों को जागरूक करेगी। मांडी कलां में आयोजित कार्यक्रम की अगुवाई सर्कल सुपरवाइजर महिला बाल एवं बाल विभाग की लक्ष्मी देवी ने की। मांडी कलां, खेड़ी मंसानिया गांव में राजवंती केंद्र संचालिका वन स्टोप सेंटर पर पहुंचे। गांव में राजकीय स्कूल के मुख्याध्यापक विजेंद्र कुमार, सरपंच कविता एवं ग्रामीणों ने टीम का स्वागत किया। लोगों ने इस अभियान को जन.जन तक पहुंचाने एवं बेटियों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। संबंधित गांव में लिंगानुपात का आंकड़ा कम है। बेटियों की जन्म दर बेटों के मुकाबले कम है। इस अभियान के तहत उचाना ब्लॉक के कम लिंगानुपात वाले गांव में ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। इस मौके पर शिक्षिका सुमेस्ता, शिक्षक विजेंद्र सिंह, नसीब सिंह, जगदीश कुमार, सुखपाल, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।



मांडी गांव में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत आयोजित जागरूकता कार्यक्रम।



उचाना। सुरबरा गांव में स्वच्छता अभियान का संदेश देते हुए।

### गांव सुरबरा में मनाया स्वच्छता पखवाड़ा

**उचाना।** सुरबरा गांव में सेवा पखवाड़ा मनाया गया। स्वच्छता अभियान के तहत गांव की गलियों में साफ.सफाई की तो ग्रामीणों को स्वच्छता का संकल्प भी दिलाया गया। उचाना मंडल महामंत्री रमेश राणा की अगुवाई में ये अभियान चलाया गया। राणा ने कहा कि स्वच्छता जीवन में सबसे जरूरी है। स्वच्छता को लेकर हर किसी को जागरूक होना चाहिए। पीएम नरेंद्र मोदी के 17 सितम्बर को जन्म दिन से दो अक्टूबर तक देशभर में सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। स्वच्छता, पौधरोपण, रक्तदान शिविर सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इस मौके पर सत्यवान कौशिक उपाध्यक्ष, रामनिवास सरपंच, राजबीर सचिव, सोमबीर पांचाल बूथ अध्यक्ष, जोहन सिंह, सेवा, मुरारी, नीलम मौजूद रहे।

---




कार्यक्रम में साहित्यकार असीम राना को सम्मानित करते प्रो. रमेश व अन्य।

### साहित्यकार असीम सम्मानित

**नरवाना।** मानव मित्र मंडल व एसडी महिला महाविद्यालय नरवाना के हिन्दी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कॉलेज परिसर में साहित्यिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। मंडल संरक्षक दिनेश गोयल व प्राचार्या अंजना लोहान ने कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम प्रसिद्ध शिक्षाविदए साहित्यकार व मानव मित्र मंडल के प्रदेशाध्यक्ष रहे प्रोफेसर रामरतन शर्मा की याद में किया गया। इस कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना से हुआ। डा. शालू गर्ग ने सुंदर भावों से सरस्वती वाचन किया। इसके पश्चात प्रोफेसर रामरतन शर्मा व साहित्यकार असीम राना की सचित्र जीवनी का प्रदर्शन किया गया। जिसकी मुक्त कंठ से प्रशंसा की गई। गायक राहुल शर्मा ने असीम के गीत को मधुर आवाज में गा कर यादगार छाप छोड़ी। साहित्यकार आदित्य आर्य ने असीम राना के साथ अपने निजी अनुभवों को साझा किया व अनछु, पहलुओं को छूआ। साहित्यकार रामफल खटकड़ ने अपने संबोधन में असीम राना को क्षेत्र का सर्वश्रेष्ठ साहित्यकार घोषित किया।

# प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का समापन

- सनातन धर्म कन्या कॉलेज में दो दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭उचाना

सनातन धर्म कन्या कॉलेज उचाना मंडी में दो दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के दूसरे दिन गायन वादन व नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शुभारंभ संस्था निदेशक विनोद कुमार वशिष्ठ ने दीप प्रज्वलन करके किया। अध्यक्षता प्राचार्या अंजू रानी ने की। छात्राओं ने गायन व नृत्य प्रतियोगिता में बढ़.चढ़कर भाग लिया। गायन प्रतियोगिता में रचना प्रथम व वंशिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। हरियाणवी नृत्य में खुशी ने प्रथम व मंजू ने द्वितीय, पंजाबी नृत्य प्रतियोगिता में स्वाति प्रथम, कुसुम द्वितीय व ममता तृतीय स्थान पर रही। वशिष्ठ ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से छात्रों में आत्मविश्वासए प्रतिभा कौशल व उत्साह की भावना विकसित होती है। प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में प्रत्येक बच्चे को आगे बढने का अवसर मिलता है। शिक्षा के साथ.साथ अन्य गतिविधियों से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। निर्णायक मंडल में नीरू, किरण, सीमाए राजबाला, ज्योति रही। छात्राओं ने भारतीय संस्कृति के पहचान हरियाणवी गुरप डांस करके सबको मंत्र मुग्ध किया।




उचाना। प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि



जींद। प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को सम्मानित करते प्राचार्य सत्यवान मलिक।

### वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

**जींद।** राजकीय कालेज के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा प्राचार्य सत्यवान मलिक के मार्गदर्शन में भाषण व वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय जनसंख्या, गरीबी, बेरोजगारी, मुद्रा आपूर्ति तथा जीएसटी 2 सुधार रखा गया। प्राचार्य सत्यवान मलिक ने विद्यार्थियों को ऐसे कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और कहा कि इस प्रकार के व्याख्यान विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करते हैं। डा. मनोज सिवाच विभागाध्यक्ष (अर्थशास्त्र) ने कहा कि कार्यगिम का उद्देश्य विद्यार्थियों में समसामयिक आर्थिक मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनकी वॉक कला को प्रोत्साहित करना हैं। विभागाध्यक्ष ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को आत्मविश्वास और नेतृत्व कौशल प्रदान करते हैं तथा उन्हें राष्ट्र के सामाजिक, आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित करते हैं। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़ती जनसंख्या, गरीबी और बेरोजगारी जैसी गंभीर चुनौतियों पर प्रकाश डाला तथा मुद्रा आपूर्ति और जीएसटी सुधार जैसे विषयों पर अपने विचार तार्किक ढंग से प्रस्तुत किए।

---

### हर घर नलों पर टेप लगाने के लिए दो अक्टूबर को चलेगा विशेष अभियान

# जल संरक्षण में रोल मॉडल गांव बनेगा सिंगवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

नरवाना उपमंडल अभियंता नवीन कुमार मुंडे ने कहा कि गांव सिंगवाल पेयजल संरक्षण व स्वच्छता में रोल मॉडल बनेगा और दूसरे गांव के लिए एक मिसाल कायम करेगा। मुंडे सोमवार को जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की संयुक्त टीम की अगुवाई कर गांव सिंगवाल के जलघर व गांव की विजिट के दौरान ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस गांव में हर घर पर नलों पर टेप होगी। जिसके लिए एक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस मौके पर जिला सलाहकार रणधीर मताना ने कहा कि विभाग व ग्राम पंचायत के सहयोग से गांव में हर घर तक स्वस्थ पेयजल आपूर्ति की जाएगी। गांव में लोगों को साफ -सफाई के प्रति भी जागरूक किया जाएगा। गर्मी व बरसात के मौसम को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम जल एवं सीवरेज समिति के माध्यम से जल चौपाल कर जल संरक्षण, जल जीवन मिशन व जल संरक्षण के प्रति जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आमजन को गर्मी में पानी बचाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ नुक्कड़ सभा, ग्रुप मीटिंग आदि करके पानी की शुद्धता एवं गुणवत्ता की जांच करके जानकारी दी जा रही है। लोगों को नलों पर टूटी लगवाना, नल को खुला न छोडन्ना और रोजमर्रा की आदतों में बदलाव लाना, जिन घरों में नलों पर टूंटी नहीं लगी थी, टूंटी लगवाने बारे प्रेरित करना आदि के बारे में जागरूकता लाई जा रही है।



जींद। ईगरहा गांव में जांच करते हुए टीम। फोटो : हरिभूमि

### सरकार ने जारी किया ये आदेश

सरपंच प्रदीप कुमार ने कहा कि दो अक्टूबर को गांव में ग्राम पंचायत द्वारा जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सहयोग से विशेष कार्यक्रम करके हर घर में नलों पर टेप लगवाई जाएगी। जो अवैध कनेक्शन हैं, उन्हें कटवाया जाएगा ताकि हर घर तक पेयजल की आपूर्ति हो सके। दूसरी तरफ गांव ईगरहा में केमिस्ट वीरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित टीम खंड समन्वयक दिनेश मलिक व सोमलता सैनी ने घर-घर जाकर पेयजल की जांच की। टीम ने जलघर पर पहुंच कर केमिकल के सैंपल लिए और क्लोरिनेशन की जांच की व जल संरक्षण और गुणवत्ता पर घर-घर जाकर लोगों से मिले। महिलाओं व बच्चों को जल संरक्षण के तरीकों के बारे में बताया व अस्वच्छ या गंदे पानी से होने वाली बीमारियों के बारे में भी लोगों को जागरूक किया। दौरे के दौरान लीकेज और अस्वास्थ्यकर कनेक्शनों की पहचान की गई और उन्हें ठीक किया गया।



जींद। छात्राओं द्वारा बनाई गई रंगोली। फोटो : हरिभूमि

### छात्राओं ने बनाई सुंदर-संदर रंगोली

**जींद।** हिंदू कन्या कालेज की एनसीसी विंग और गणित विभाग द्वारा गांधी जयंती मनाने के लिए स्वच्छोत्सव मनाया गया। इसमें रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका विषय पर्यावरण अनुकूल और प्लास्टिक मुक्त भारत रहा। लोगों को पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूक करना इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य रहा। अध्यक्षता प्राचार्या डा. पूनम मोर एवं संचालन एनसीसी तथा गणित विभाग की प्रभारी अंजू ने किया। रंगोली प्रतियोगिता में चार छात्राओं ने भाग लिया। इस विषय पर छात्राओं ने बहुत सुंदर-सुंदर रंगोली बनाई। प्रतियोगिता में बीसीए प्रथम वर्ष की छात्रा रिंपी ने प्रथम तथा बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा सलोनी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका गृह विज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापिका तनू ने निभाई। छात्राओं ने अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया और उनका उत्साह देखने योग्य था। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने कहा कि रंगोली बनाने की प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्राओं और अन्य प्रतिभागियों की रचनात्मकता और कलात्मक कौशल को बढ़ावा देना है।

## खबर संक्षेप

### प्रेम धीमान का ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत

**पूंडरी।** जिला कष्ट निवारण समिति के पूर्व सदस्य एवं कांग्रेस नेता प्रेम धीमान ने फतेहपुर स्थित आदर्श ड्रामाटिक क्लब द्वारा आयोजित रामलीला कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। ग्रामवासियों और कलाकारों ने प्रेम धीमान का फूल मालाओं से स्वागत किया और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रेम धीमान ने श्री वाल्मीकि रामायण का उल्लेख करते हुए कहा कि रामायण में 24 हजार श्लोक हैं जिन्हें सात कांडों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक श्लोक में अच्छाई और बुराई सहित जीवन के सभी गुण-अवगुण का संग्रह है।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगाया रक्तदान शिविर

**राजौंद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजौंद में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत रक्त दान शिविर लगाया गया। यह शिविर राजौंद भाजपा मंडल प्रधान सुशीला कुमार व सीएचसी राजौंद के कर्मचारियों द्वारा लगाया गया। डॉ संदीप सिंह के मार्गदर्शन में चलाया गया उन्होंने कहा कि रक्तदान महा दान है इससे आप किसी की जिंदगी बचा सकते हैं। रक्तदान करने से किसी भी प्रकार की शरीर में कोई कमी नहीं होती। हमारा शरीर चंद ही घंटे में इसकी आपूर्ति कर लेता है हर तीन मंथ बाद आप रक्त दान कर सकते हो। उन्होंने बताया कि शिविर में 54 यूनिट ब्लैड सैंपलिंग हुए बहुद्देशीय स्वास्थ वर्कर्स सब सेंटर सेकंड की रजनी देवी ने इस ब्लड कैंप में रक्तदान किया। यह एकमात्र महिला थी जिसने रक्त दिया।

### जिले में 12 से 14 अक्टूबर तक चलेगा अभियान

# एक लाख तीन हजार बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो रोधी दवा

**पल्स पोलियो अभियान को लेकर जिले में बनाए 620 बूथ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। डीसी प्रीति जिला टास्क फोर्स कमेटी की बैठक लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

डीसी प्रीति ने कहा कि 12 से 14 अक्तूबर तक पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत जिले के करीब 1 लाख तीन हजार 654 बच्चों को पोलियोरोधी की खुराक पिलाई जाएगी। संबंधित विभागों के सभी अधिकारी व कर्मचारी इसको गंभीरता से लें और अपनी ड्यूटी को ईमानदारी से निभाते हुए अभियान को सफल बनाएं। कोई भी बच्चा छूटने नहीं पाए।

डीसी प्रीति सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में जिला टास्क फोर्स कमेटी की बैठक के दौरान पल्स पोलियो अभियान को लेकर अधिकारियों को दिशा निर्देश दे रही थी। उन्होंने जिले के नागरिकों से भी अपील की कि वे 0 से 5 वर्ष के बच्चों को नजदीकी पोलियो बूथ पर जाकर पोलियो की खुराक अवश्य पिलाये व इस जनहित के कार्य को सफल बनाये। डीसी ने बताया कि आगामी 12 अक्तूबर को बूथ स्तर और 13 एवं 14 अक्तूबर को घर-घर जाकर जीरो से पांच वर्ष के बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई जाएगी। इस अभियान के तहत 620 बूथ बनाए गए हैं जहां पर बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाने का कार्य होगा। इसके अलावा जिले में 48 मोबाइल टीमें और 36 ट्रांजिट टीमें बनाई गई हैं। इस कार्य में 112 सुपरवाईजर भी अपनी भूमिका निभायेंगे।

सिविल सर्जन डॉ. रेनू चावला ने पल्स पोलियो अभियान की विस्तृत जानकारी दी तथा कहा कि सभी डॉक्टर्स व अन्य कर्मचारी अन्य विभागों के साथ तालमेल करते हुए सफल बनाएंगे। भारत पोलियो मुक्त देश है। लेकिन पोलियो कुछ देशों में अभी भी है और फिर लौट सकता है। अपने बच्चे की सुरक्षा में कोई चूक न होने दें। पोलियो की खुराक हर बार दिलाएं। पोलियो पर देश की जीत बनाए रखने में योगदान दें। अधिक जानकारी के लिए आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से मिलकर प्राप्त कर सकते हैं।

#### ईंट भट्ठे व स्लम एरिया फोकस करें

डीसी प्रीति ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य केन्द्र बिन्दू ईंट भट्ठे व सलम एरिया विशेष रूप से फोकस करें। जिला खाद्य एवं पूर्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में ईंट के भट्ठों पर बच्चों की संख्या का भी डाटा तैयार करें, ताकि एक भी बच्चा छूटने न पाए। इसी प्रकार उन्होंने रोडवेज जीएम को निर्देश दिए कि वे बस स्टैंड पर आडियो व वीडियो के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाए और ट्रांजिट टीमों को बसों में वैक्सीनेशन में सहयोग करें।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ. रेनू चावला, डीआईपीआरओ नसीब सिंह सैनी, महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी गुरजीत कौर, बिजली विभाग के कार्यकारी अभियंता मनीष, सहित अन्य विभागों के अधिकारी व प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों को करवाया प्लास्टिक से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत

- सेवा पखवाड़े के तहत पर्यावरण सुरक्षा का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। डॉ विरेन्द्र पुनिया विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए।

विशेष सेवा पखवाड़े के अंतर्गत विद्यालय स्तर पर विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी स्तर में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंदाना की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा पर्यावरण जागरूकता एवं किशोरावस्था के दौरान आने वाली समस्याओं के प्रति जागरूकता को ले कर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ विरेन्द्र पुनिया ने शिरकत की। उन्होंने जलवायु परिवर्तन व वनों के निम्नीकरण आदि को लेकर विद्यार्थियों को जागरूक किया।

उन्होंने एकल प्रयुक्त प्लास्टिक से होने वाले दुष्परिणामों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्लास्टिक का अंत महासागरों व नदियों में होता है जिससे वहां के परितंत्र को भारी नुकसान पहुंचता है। उन्होंने कहा कि बाज़ार में सामान लाने के लिए कपड़े व जूट के बने बैग का इस्तेमाल करना चाहिए। अंत में कार्यक्रम अधिकारी अनिरुद्ध वर्मा ने मुख्य वक्ता का धन्यवाद किया।

# महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विवि में 'सिंगल यूज प्लास्टिक उन्मूलन पर संगोष्ठी

- कार्यक्रम कुलपति प्रो. राजबीर सिंह के दूरदर्शी मार्गदर्शन में आयोजित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय में डा. हरीश कुमार को सम्मानित करते पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय ने 'एकल उपयोग प्लास्टिक उन्मूलन और जूट/कपड़े विकल्प को बढ़ावा देना' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का सफल आयोजन किया। यह कार्यक्रम माननीय कुलपति प्रो. राजबीर सिंह के दूरदर्शी मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय के टीक परिसर में सम्पन्न हुआ, जिसका उद्देश्य छात्रों और संकाय सदस्यों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना था्र डॉ. हरीश कुमार ने सिंगल-यूज प्लास्टिक के भयावह परिणामों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह प्लास्टिक न केवल हमारे जल स्त्रोतों और मिट्टी को प्रदूषित कर रहा है, बल्कि सूक्ष्म प्लास्टिक के रूप में खाद्य श्रृंखला में भी प्रवेश कर चुका है, जो मानव स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर खतरा है। उन्होंने विस्तार से समझाया कि कैसे सदियों तक विघटित न होने वाला प्लास्टिक हमारी पृथ्वी के पारिस्थितिकी तंत्र को अपूरणीय क्षति पहुंचा रहा है। डॉ. हरीश ने जोर देकर कहा कि इस समस्या से निपटने का एकमात्र तरीका जूट और कपड़े जैसे टिकाऊ और प्राकृतिक विकल्पों को अपनाना है।

# जल को प्रदूषित होने से बचाने के लिए आगे आएं : रामकुमार



कैथल। विद्यार्थियों को संबोधित करते मुख्य वक्ता रामकुमार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, ग़्योंग मे पर्यावरण संबंधी मुद्दे और पर्यावरण का संरक्षण अभियान के तहत छात्र व छात्रों को जागरुक करने के लिए गेस्ट लेक्चर का आयोजना किया गया। इस अवसर पर मंच का संचालन शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता अनुप धीमान के दवारा किया गया। राजनीति विज्ञान के प्रवक्ता एवम इको क्लब के प्रभारी राम कुमार ने छात्रों को जानकारी देते हुए कहा की पर्यावरण सुरक्षा संबंध के बारे में बताया कि अपने चारों ओर के आवरण को सुरक्षा प्रदान करना तथा उसे अनुकूल बनाए रखना। पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए हमें सबसे पहले अपनी मुख्य जरूरत 'जल' को प्रदूषण से बचाना होगा। कारखानों का गंदा पानी, घरेलू गंदा पानी, नालियों में प्रवाहित मल, सीवर लाइन का गंदा निष्कासित पानी समीपस्थ नदियों और समुद्र में गिरने से रोकना होगा।जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण और ध्वनि तीनों ही हमारे व हमारे फूल जैसे बच्चों स्वास्थ्य को चौपट कर रहे हैं।

# सभी कोटपा कानून की धाराओं का करेंगे पालन, उल्लंघना करने पर होगी कार्रवाई

- स्वास्थ्य विभाग लघु सचिवालय सभागार में लगाए जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। डीसी प्रीति अधिकारियों की बैठक लेते हुए।

डीसी प्रीति लघु सचिवालय स्थित सभागार में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कोटपा कानून के तहत सभी धाराओं की पालना करवाना सुनिश्चित किया जाए। तंबाकू की वजह से प्रतिवर्ष लाखों लोगों की मौत हो जाती है। जनता को तंबाकू के नुकसानदायक प्रभाव से बचाने हेतु राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम शुरू किया गया है, जिसके तहत सभी विभागों को अलग-अलग तरह की जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। डीसी प्रीति ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने कार्यालय के बाहर धूम्रपान न करने बारे चेतावनी बोर्ड लगवाएं। वहीं आमजन से भी आह्वान किया कि वे सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान न करें। सरकारी कार्यालयों के परिसर में चल रही चाय की दुकानों व कैंटीन में सिगरेट, बीड़ी व अन्य धुम्रपान सामग्री की बिक्री निषेध है। यदि ऐसा करता पाया जाता है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाए। सबसे पहले लघु सचिवालय परिसर में स्वास्थ्य विभाग एक चैकअप शिविर लगाएं और अधिकारियों व कर्मचारियों को इसके बारे में पूर्णतः जागरूक करें।

# राजकीय कन्या स्कूल में पढाया पर्यावरण संरक्षण का पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन



सीवन। सीवन के कन्या स्कूल में कार्यक्रम में बोलते प्रधानाचार्य।

श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सीवन में पर्यावरणीय समस्याएं एवं संरक्षण विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता स्वच्छ भारत मिशन के सदस्य ओम प्रकाश मुटरेजा ने शिरकत की। विद्यालय की प्रातः सभा के समय आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मपाल सहारण, समस्त शिक्षक गण, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य, नगर पार्षद और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहे। ओम प्रकाश मुटरेजा ने स्वच्छता के महत्व, जल संरक्षण की तत्काल जरूरत, वृक्षारोपण के दीर्घकालिक लाभ और प्लास्टिक-रहित जीवनशैली अपनाने के व्यवहारिक तरीकों पर विस्तृत रूप से चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों तथा उपस्थित स्टाफ को दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव करके बड़े परिणाम हासिल करने के व्यावहारिक सुझाव दिए जैसे पानी की बेवजह बर्बादी रोकना, पुनः उपयोग व रीसाइक्लिंग को अपनाना और स्थानीय स्तर पर सामूहिक पौधारोपण को बढ़ावा देना। प्रधानाचार्य धर्मपाल सहारण ने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों के लिए बल्कि विद्यालय के समस्त स्टाफ व एसएमसी सदस्यों के लिए भी ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रहा।

# राम वनवास की लीला से भावुक हुए दर्शक जय श्रीराम के उद्घोष से गूंजा पूरा पंडाल

- श्री मां भवानी मंदिर में श्रीराम लीला महोत्सव का भव्य आयोजन जारी, बढ़ रही दर्शकों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला चीका



गुहला चीका। राम, लक्ष्मण और सीता के वनगमन का दृश्य प्रस्तुत करते कलाकार।

प्राचीन श्री मां भवानी मंदिर चीका के प्रांगण में चल रहे श्रीराम लीला महोत्सव के अंतर्गत राम वनवास की लीला का मंचन बड़े ही भावुक और भव्य स्वरूप में किया गया। अयोध्या एवं श्री वृंदावन धाम से आए कलाकारों की प्रस्तुति ने दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। जैसे ही राम, सीता और लक्ष्मण के वनगमन का दृश्य मंच पर आया, पंडाल 'जय श्रीराम' के उद्घोष से गूंज उठा। आज की लीला में मंथरा द्वारा कैकई को उकसाकर राम के राज्याभिषेक को रुकवाने और 14 वर्षों का वनवास मांगने की कथा का भावपूर्ण मंचन किया गया। राजा दशरथ की पीड़ा और राम के त्याग को देखकर दर्शकों की आंखें नम हो गईं। लीला में दिखाया गया कि कैसे राम पिता की आज्ञा का पालन करते हुए सीता और लक्ष्मण के साथ वन के लिए निकलते हैं, और अयोध्या की प्रजा उनका अनुसरण करती है। वनगमन के दृश्य में केवट द्वारा राम को नाव से पार कराना विशेष आकर्षण रहा। इस अवसर पर लीला कमेटी द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# युवा ऑनलाइन गेमिंग से रहें सतर्कः एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



एसपी उपासना

एसपी उपासना ने आमजन, विशेषकर युवाओं व अभिभावकों को ऑनलाइन गेमिंग से जुड़े खतरों के प्रति जागरूक करते हुए एक महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में ऑनलाइन गेमिंग का चलन तेजी से बढ़ा है, लेकिन इसके दुष्परिणाम भी गंभीर रूप से सामने आ रहे हैं।

एसपी उपासना ने बताया कि कई गेमिंग प्लेटफॉर्म इस तरह डिजाइन किए जाते हैं कि खिलाड़ी धीरे-धीरे उनमें लिप्त होते जाते हैं। कुछ गेम्स निजी जानकारी और बैंक डिटेल मांगकर ठगी करते हैं, वहीं कई "रियल मनी गेम्स" युवाओं को आर्थिक नुकसान की ओर धकेलते हैं। उन्होंने विशेष रूप से यह भी बताया कि कई मामलों में बच्चे या युवा गेमिंग में हारकर बड़ी रकम गवा देते हैं, जिसके बाद वे मानसिक दबाव में आकर गलत कदम उठा लेते हैं या चोरी व अन्य आपराधिक गतिविधियों की ओर बढ़ जाते हैं। ऐसे कई उदाहरण सामने आए हैं, जहां गेम की लत के कारण छात्र पढ़ाई छोड़ देते हैं।

# एसपी ने ली जिला स्तरीय पुलिस पब्लिक समन्वय कमेटी की बैठक

- कआमजन की सक्रिय भागीदारी से कानून व्यवस्था को मजबूत किया जा सकता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। एसपी उपासना पुलिस-पब्लिक समन्वय कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए।

जिला कैथल में गठित जिला स्तरीय पुलिस-पब्लिक समन्वय कमेटी की बैठक सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय कैथल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक उपासना ने की। बैठक में विभिन्न गांवों व कस्बों से आए मौजिज व्यक्तियों ने हिस्सा लिया और अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित समस्याओं एवं सुझावों को पुलिस प्रशासन के समक्ष रखा। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य पुलिस व आमजन के बीच आपसी सहयोग व तालमेल को मजबूत बनाना, अपराधों की रोकथाम के लिए संयुक्त रणनीति तैयार करना, कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना तथा सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देना रहा। बैठक के दौरान एसपी उपासना ने उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज और पुलिस के बीच बेहतर तालमेल से अपराधों पर अधिक प्रभावी ढंग से नियंत्रण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आमजन की सक्रिय भागीदारी से कानून व्यवस्था को मजबूत किया जा सकता है और समाज को और सुरक्षित बनाया जा सकता है।



कैथल। रामलीला मनाते गायत्री स्कूल के विदयार्थी।

### गायत्री स्कूल में छात्रों ने किया रामलीला का मंचन

**कैथल।** माता गेट स्थित गायत्री पब्लिक स्कूल में विजयादशमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने रामलीला का मंचन किया और असत्य पर सत्य की जीत का संदेश दिया। स्कूल प्रधानाचार्या वनिता गुप्ता ने दीप प्रज्जवलन किया। कार्यक्रम में बच्चों ने राम और सीता का रूप धरकर सबका मन मोहा । कार्यक्रम में केकई के दो वर, राम वन गमन, सीता हरण, राम-हनुमान संवाद, लंका दहन, मेघनाथ वध, राम-रावण युद्ध , रावण वध का मंचन किया गया। राम-लीला के अंत में दशानन वध का चित्रण नन्हे-मुन्हे बच्चों ने किया। विद्यालय जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा। प्रधानाचार्या वनिता गुप्ता ने बताया कि रामलीला भगवान राम के पूरे जीवन की एक नाटकीय प्रस्तुति है, जो अपने युवा काल के राम के इतिहास से शुरू होती है और भगवान राम और रावण के बीच 10 दिनों के लिए युद्ध के साथ समाप्त होती है। उन्होंने बच्चों को उनके अच्छे प्रदर्शन के लिए बधाई दी तथा बड़ों की आज्ञा पालन करने का संदेश दिया। स्कूल में ब्लॉक इंचार्ज के मार्गदर्शन में रामलीला का मंचन किया गया। अंत में विद्यालय प्रबंधक आयुष गर्ग ने बच्चों को दशहरे का महत्व बताया और सभी को दशहरे की शुभकामनाएं दी।

### किसानों का धान सरकार खरीद रही एमएसपी पर : अशोक गुर्जर

# भाजपा नेता ने मंडी में धान खरीद का किया निरीक्षण

**किसानों और व्यापारियों ने सरकार की नीतियों को सराहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर मंडी में धान खरीद का निरीक्षण करते हुए साथ में कमेटी चेयरमैन विजेंद्र मैहला व अन्य।

भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर ढांड ने आज ढांड अनाज मंडी में धान की खरीद प्रक्रिया का गहन निरीक्षण किया गया। इस मौके पर मंडी परिसर में सभी व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया गया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। अशोक गुर्जर ने अपने इस दौरे के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों, किसानों, आढ़तियों, व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों से मुलाकात कर उनके सुझाव और अनुभवों को सुना और उनकी समस्याओं का समाधान किया।

उन्होंने मंडी में पारदर्शी खरीद प्रक्रिया और किसानों को उनकी उपज का एमएसपी मूल्य दिलाने को लेकर अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए। किसानों और व्यापारियों ने नायब सरकार की नीतियों और योजनाओं की सराहना करते हुए अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि इस बार खरीद प्रक्रिया में पहले से बेहतर व्यवस्था देखने को मिल रही है। अशोक गुर्जर ने किसानों को आश्वासन दिया कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर वे तुरंत संबंधित अधिकारियों से संपर्क करें। सरकार व प्रशासन किसानों के साथ है और उनका हित सर्वोपरि है। नायब सरकार किसानों के हितों को लेकर सजग है और खेत से लेकर मंडी तक की व्यवस्था को पारदर्शी व किसानहितैषी बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।

#### ये रहे निरीक्षण के दौरान मौजूद

*इस निरीक्षण के दौरान ढांड मार्केट कमेटी के चेयरमैन विजेंद्र मैहला जडौला, वाइस चेयरमैन जय सिंह सोलुमाजरा, बीडीपीओ जगजीत सिंह, मार्केट कमेटी के सेक्रेटरी देवेंद्र मोर आदि उपस्थित थे।*

### पूंडरी में 71 कन्याओं का सामूहिक पूजन

**पूंडरी।** पूंडरी नगर के अपरेड़ा धर्मशाला में सेवा भारती की ओर से भव्य सामूहिक कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस धार्मिक और सामाजिक महत्व के आयोजन में कुल 71 कन्याओं का विधिवत पूजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री मंत्र के साथ हुई। इसके उपरांत सभी कन्याओं के चरण पखारकर उनका तिलक किया गया और उन्हें विशेष अतिथि के रूप में सम्मानित किया गया। मातृ शक्ति का इस क ार्यक्रम में विशेष सहयोग रहा, जिससे वातावरण और भी उत्साहपूर्ण हो गया। इनमें सेवा भारती जिला अध्यक्ष रमेश, पूंडरी नगर अध्यक्ष बलवंत, सचिव राजेश, कैथल नगर अध्यक्ष अनिल मित्तल आदि रहे।

## खबर संक्षेप

### शहीद सुरेश के स्मारक का होगा अनावरण

**कैथल।** फ्रांस वाला स्कूल शहीद सुरेश कुमार के नाम से एम आई एस पोर्टल पर अपडेट है। उसके प्रांगण में जांबाज योद्धा मां भारती के लाल अमर शहीद सिपाही सुरेश कुमार 30 सितंबर 2001 को बारामूला में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हुए थे। प्रधान जगजीत फौजी ने बताया कि उनके स्मारक का अनावरण जिला परिषद के सौजन्य व पूर्व सैनिक वेलफेयर द्वारा करवाया जाएगा।

### प्रदेश भाजपा परिवार को मिल रही नई दिशा: सिंह

**पूंडरी।** पूर्व विधायक तेजबीर सिंह ने कहा कि मोहनलाल बडौली की अगुवाई में भाजपा को नई दिशा मिल रही है। प्रदेशाध्यक्ष के जन्मदिन पर विधायक ने सोनीपत पहुंचकर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। पूंडरी में बातचीत करते हुए चौधरी तेजवीर सिंह ने कहा कि /"मोहनलाल बडौली का नेतृत्व, उनकी दूरदृष्टि और संगठन के प्रति समर्पण हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।

### ट्रक चालकों को दी सड़क सुरक्षा की जानकारी

**गुहला-चीका ।** ट्रक चालकों को सड़क सुरक्षा और प्राथमिक उपचार के बारे में जागरूक किया गया। एसएचओ ट्रैफिक नरेश ने सहयोगी स्टाफ उपनिरीक्षक ईश्वर और एचसी कपिल तथा रेड क्रॉस, कैथल से डॉ. बीरबल दलाल के साथ चीका ट्रक यूनियन कार्यालय का दौरा किया। प्रधान संजीव, उप प्रधान संजय और अन्य ट्रक चालकों की उपस्थिति में चालकों को ट्रैफिक नियमों का पालन करें।

### बच्चों को एड्स के प्रति किया जागरूक

**जींद ।** कॉलेज में प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में महाविद्यालय की रेड रिबन क्लब इकाई के द्वारा एड्स अवेयरनेस विषय पर पांडू पिंडारा स्थित श्री लज्जाराम गुरुकुल विद्यापीठ में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य एड्स जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करना व उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करना रहा।

# बस स्टैंड के प्रवेश व निकास मार्ग का टेंडर, जल्द शुरू होगा निर्माण

## जींद-पानीपत क्रॉसिंग पर अंडरपास रोड का निर्माण कार्य जल्द पूरा करवाने के निर्देश, सड़क सुरक्षा से कोई समझौता नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

- जिले की सभी सड़कें हों मोटरेबल, यातायात नियम तोडने़ वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : एडीसी
- रोड सेफ्टी अवेयरनेस कैंपेन से लोगों को यातायात नियमों के प्रति करें जागरूक

एडीसी विवेक आर्य ने कहा कि जिला प्रशासन सड़क सुरक्षा को लेकर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगा। नए बस स्टैंड के प्रवेश और निकास मार्ग का टेंडर हो चुका है और जल्द ही काम शुरू हो जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने बस स्टैंड के सामने वाली मीडियन ओपनिंग खोलने के भी आदेश दिए। नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि है और इसके लिए जिला प्रशासन हर संभव कदम उठाने को तैयार है। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले की सभी सड़कें मोटरेबल बनाई जाएंए कहीं भी गड्ढे हों तो उन्हें तुरंत दुरुस्त किया जाए और सड़कों के किनारों पर बढ़ी हुई झाड़ियों की छंटाई सुनिश्चित की जाए। एडीसी विवेक आर्य सोमवार को स्थानीय लघु सचिवालय सभागार में आयोजित सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में रोड सेफ्टी अवेयरनेस कैंपेन चला कर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें। यदि कोई व्यक्ति यातायात नियमों का उल्लंघन करता पाया जाए तो उसका तुरंत चालान किया जाए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय और राज्य मार्गों पर अवैध कट बिल्कुल नहीं होने चाहिए तथा दुर्घटना संभावित स्थलों पर सांकेतिक चिन्ह और रिफ्लैक्टर अवश्य लगाए जाएं। साथ ही जहां आवश्यकता हो वहां सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएं। एडीसी ने कहा कि सर्विस रोड सही हालत में होनी चाहिए। ऑनरोड पार्किंग न होने पाए। सड़क किनारे खड़े वाहन दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ती हैं।

### ओवरलोड से बचें

ओवरलोड करके तुड़ा न भरा जाए उन्होंने निर्देश दिए कि सम्बंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि फसल के सीजन में ट्रैक्टर ट्रॉली पर ओवरलोड करके तुड़ा न भरा जाए। यदि कोई उल्लंघन करता पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इसी तरह बिजली के खंभे सड़क से सटे न लगाए जाएं, इन्हें नियमों के अनुसार निर्धारित स्थानों पर ही लगाया जाए।


बैठक में दिशा-निर्देश देते हुए एडीसी।

### बिना परमिट चलने वाली बसें तत्काल करें जब्त

सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी को लेकर उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्कूल बसों की नियमित चेकिंग हो। बिना परमिट चलने वाली बसें तुरंत जब्त की जाएं और जो बसें ओवरस्पीड या गलत तरीके से चलाई जाती हैंए उनके चालान किए जाएं। उन्होंने जींद-पानीपत क्रॉसिंग पर पेंडिंग पड़े अंडरपास रोड का कार्य जल्द से जल्द सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी हाइवे की सर्विस रोड, कैटआई, साइन बोर्ड और रिफ्लैक्टर लगाने का काम सुनिश्चित करने को कहा ताकि दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। पुलिस विभाग को निर्देश दिए गए कि बिना हेलमेट, ओवरस्पीड और अन्य नियमों का उल्लंघन करने वालों का अधिक से अधिक चालान किया जाए और नियमित चेकिंग अभियान चलाया जाए। बैठक में एडीसी ने यह भी जानकारी दी कि नए बस स्टैंड के प्रवेश और निकास मार्ग का टेंडर हो चुका है और जल्द ही काम शुरू हो जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने बस स्टैंड के सामने वाली मीडियन ओपनिंग खोलने के भी आदेश दिए। बैठक में एसडीएम दलजीत सिंह, एसडीएम पुलकित मल्होत्रा, आरटीए सचिव गिरीश कुमार, प्रोजेक्ट डायरेक्टर हिसार विपिन, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## धान का एक-एक दाना न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा : बेदी

# धान खरीद सीजन में किसानों की सुविधाओं का रखें विशेष ध्यान

**गेहूं बिजाई के लिए किसानों को डीएपी की नहीं होने देंगे समस्या डीएपी की उपलब्धता की जाएगी सुनिश्चित, अधिकारियों को निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नरवाना

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि किसान हित सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी । वर्तमान धान सीजन में खरीद प्रक्रिया के दौरान किसानों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा और धान का एक-एक दाना न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा। इसके अलावा आगामी गेहूं बिजाई के सीजन में किसानों को डीएपी खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध करवाया जाएगा । इसमें सरकार द्वारा पुख्ता प्रबंध कर यूरिया व डीएपी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।


**नरवाना।** अनाज मंडी नरवाना में धान खरीद प्रक्रिया का निरीक्षण करते हुए कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी। *फोटो : हरिभूमि*

### अनाज मंडी पहुंचकर खरीद का लिया जायजा

कैबिनेट मंत्री बेदी ने यह आश्वासन सोमवार को नई अनाज मंडी मेला ग्राऊंड में किसानों से मुलाकात के दौरान दिया । श्री बेदी ने मंडी में धान खरीद प्रक्रिया का जायजा भी लिया और प्रशासन व संबंधित विभागों को उचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसण्डीण्एमण जगदीश चंद्र विशेष रूप से मौजूद रहे। इस दौरान हरियाणा सरकार द्वारा मनोनीत मार्केट कमेटी के चेयरमैन अमित ढाकल एवं वाइस चेयरमैन सत प्रकाश सैनी को कार्य भार भी ग्रहण करवाया। कैबिनेट मंत्री ने मेला मंडी स्थित कमेटी के कार्यालय में अधिकारियों एवं किसानों तथा आढ़तियों के साथ अलग-अलग बैठक की। कैबिनेट मंत्री ने किसानों को बताया कि मिलर्स के साथ उनकी बातचीत हर लिहाज से सकारात्मक रही और धान खरीद प्रक्रिया निर्बाध रूप से रहे इसके लिए अलगअलग एजेंसियों के साथ जोड़ा गया है ताकि खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से चलती रहे। एसडीएम जगदीश चंद्र ने मंत्री को आश्वस्त किया कि धान खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से करवाई जाएगी और किसानों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

### एजेंसियों के अलग अलग दिन निर्धारित

एसडीएम ने आगे बताया कि किसानों की सहूलियत के लिए नरवाना उपमंडल में धान खरीद के लिए नई अनाज मंडी मेला ग्राऊंड तथा कपास मंडी को प्रमुख खरीद यार्ड बनाए गए हैं। इसके अलावा गढ़ी, धनौरी व धमतान साहिब की अनाज मंडियों में सब यार्ड और खरल तथा मंगलपुर में धान खरीद केंद्र स्थापित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि डीएफएससी, वेयरहाउस कॉरपोरेशन तथा हैफेड को धान खरीद के लिए अलग.अलग दिन निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सभी मंडियों में किसानों की सुविधा के लिए बिजली आपूर्तिए पेयजल एवं शौचालय इत्यादि की तमाम व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। एसण्डीण्एमण ने किसानों से भी अनुरोध किया कि वे अपनी धान की फसल को साफ एवं सुखाकर ही मंडी में लाएं। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र ढुल, कर्ण प्रताप सिंह, सचिव मार्केट कमेटी पूजा रत्वय सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।


छोटू राम पार्क में आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए मार्कीट कमेटी नरवाना के चेयरमैन अमित ढाकल व वाइस चेयरमैन सतप्रकाश सैनी। *फोटो : हरिभूमि*

# सरकार जनकल्याणकारी योजनाएं कर रही लागू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नरवाना

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा है कि राज्य सरकार संपूर्ण सामाजिक तरक्की की प्रबल पक्षधर है। समाज के प्रत्येक गरीब व्यक्ति एवं परिवार भलाई के लिए सरकार द्वारा नए कल्याणकारी फैसले लागू किया जा रहे हैं जिनका फायदा प्रदेश के किसानए मजदूरए महिला एवं युवा वर्ग को बराबर मिल रहा है। दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना इन कल्याणकारी फैसलों में अनूठा उदाहरण है। यह योजना गरीब महिलाओं के स्वावलंबी तथा आत्मनिर्भर बनाने में वरदान साबित होगी। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी छोटू राम पार्क में आयोजित स्वागत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। यह स्वागत समारोह नरवाना मार्केट कमेटी के नवनियुक्त चेयरमैन अमित ढाकलए वाइस चेयरमैन सतप्रकाश सैनी तथा अन्य पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था।

### किसान हित सर्वोपरि

कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने मार्केट कमेटी के सभी पदाधिकारियों को बधाई दी और जनसाधारण विशेषकर किसान तथा राज्य सरकार के बीच सकारात्मक संपर्क सूत्र एवं महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरकार किसान वर्ग के हितों के प्रति पूर्णतया संजीदा है, फिर भी किसान को किसी प्रकार की भी परेशानी होती है तो कमेटी पदाधिकारी तुरंत उसे प्रशासन एवं सरकार के संज्ञान में लाएं ताकि समस्या का समाधान कर किसान को राहत पहुंचाई जा सके। इसके अलावा महत्वपूर्ण सरकारी सेवाओं तथा सुविधाओं का भी प्रदेश के लाखों लोगों को लाभ पहुंचाया गया है। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री का स्वागत किया।

# रामलीला: पंचवटी से लंका तक के दृश्यों का मंचन



रामलीला के एक दृश्य में भीलनी की कुटिया में पहुंचे श्री राम और लक्ष्मण व रामलीला में मुख्यातिथि तेजवंत गोयल व प्रदीप नैन का स्वागत करते हुए कला केंद्र के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नरवाना

- श्री भारतीय कला केंद्र के कलाकारों ने दी प्रस्तुति

श्री भारतीय कला केंद्र द्वारा हुड्डा ग्राऊंड में करवाए जा रहे रामलीला मंचन में दर्शकों ने उस प्रसंग का सजीव चित्रण देखाए जिसमें पंचवटी में राम लक्ष्मण और सीता एक कुटिया में रहना, मारीच द्वारा छल करना, रावण द्वारा सीता हरण कर पुष्पक विमान में ले जानाए जटायु से युद्धए भीलनी के झूठे बेर खाना व राम सुग्रीव की मित्रता होने के दृश्य दिखाए गए। हजारों की संख्या में दर्शकों ने जयकारों के बीच प्रस्तुति का आनंद लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अशोक बंसल, तेजवंत गोयल, प्रदीप नैन, कुलदीप, डा. सुदर्शन सिंगला, सुरेश पप्पू पूर्व चेयरमैन, लोकेश शर्मा पहुंचे और रिबन काट कर रामलीला का शुभारंभ किया। मंच संचालन राकेश शर्मा व रामनिवास जैन ने किया। कलाकारों और क्लब प्रधान ने अतिथियों का मोमेंटो देकर सम्मान किया। मंचन में पंचवटी का दृश्य जीवंत कर दिखाया गया। मंच पर भगवान राम व लक्ष्मण के वनों में जाने के बाद सीता का अकेला रहनाए रावण का साधु के वेश में पंचवटी पहुंचना और फिर सीता हरण का प्रसंग दर्शकों की आंखों को नम कर गया। कथा के अनुसार साधु बने रावण ने सीता से दान मांगाए लेकिन जब वह लक्ष्मण रेखा के भीतर से बाहर नहीं आईं तो रावण अपमानित महसूस करने लगा। इसी बीच जब सीता लक्ष्मण रेखा से बाहर आईं तो रावण अपने असली रूप में प्रकट होकर उन्हें पुष्पक विमान में बिठाकर लंका की ओर चल पड़ा। रास्ते में जटायु ने रावण को रोकने का साहसिक प्रयास किया। मंच पर जब घायल जटायु को तलवार के वार से जमीन पर गिरते दिखाया गया तो पूरा पंडाल सन्नाटे में डूब गया। इसके बाद भगवान राम और लक्ष्मण जटायु के पास पहुंचेए जहां उसने सीता हरण की पूरी कथा सुनाई। मंचन के अंतिम हिस्से में भीलनी प्रसंग दिखाया गया। भिलनी द्वारा भजनों का गुणगान और भगवान के आगमन की प्रतीक्षा का दृश्य देख दर्शक भक्तिभाव में डूब गए। भारतीय कला केंद्र के संस्थापक रामकुमार गर्ग, मोहन गर्ग, कुलदीप बडऩपुर, ज्ञाना राम शर्मा, विनोद मंगला, हरीश गुप्ता, रघुबीर शर्मा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### किसान, आढ़तियों को नहीं आने दी जाएगी कोई परेशानी: देवेंद्र अत्री

**उचाना।** उचाना मार्केट कमेटी के नवनियुक्त वाइस चेयरमैन बने प्रवीण गर्ग उचाना खुर्द ने विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री से मिलकर उनका आभार प्रकट किया। किसान, आढ़तियों के हित में निरंतर कार्य करें। किसान, आढ़तियों को किसी तरह की परेशानी नहीं आने दे। सरकार की योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए निरंतर हर वर्ग को सरकार की नीतियों के बारे में बताए। प्रवीण गर्ग ने कहा कि जो जिम्मेदारी सौंपी गई है वो उसको निष्ठा से निभाने का काम करेंगे। विधायक की अगुवाई में निरंतर उचाना विकास के पथ पर अग्रसर है। किसानों को कोई समस्या फसल के सीजन में न आए इसको लेकर निरंतर विधायक अधिकारियों से अपडेट लेते रहते है। वो खुद मंडी में आकर आढ़तियों, किसान से मिलकर उनकी समस्याओं को जानते है।

# अम्बेडकर भवन में पढ़ाया यातायात नियमों का पाठ


डॉ. भीमराव अम्बेडकर भवन में जनता को जागरूक करते पुलिस कर्मचारी

- सड़क पर नियमों की पालना में ही जीवन की सुरक्षा संभव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

डॉ. भीमराव अम्बेडकर भवन एवं रविदास मंदिर खुराना रोड कैथल में अशोक लेलैंड ड्राइवर ट्रेनिंग संस्थान के द्वारा सभी वार्ड वासियों के लिए एक सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इसमे यातायात प्रभारी नरेश कुमार और पुनीत धीमान ट्रेनिंग मैनेजर द्वारा लोगो को सड़क के नियमो का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। नरेश कुमार ने लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों यातायात संकेतों , जिम्मेदार व्यवहारों के बारे में जागरूक किया ताकि सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली जान माल की सुरक्षा की जा सके। सभी लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में जानकारी होनी चाहिए और अपने आसपास के लोगों को भी सड़क सुरक्षा एवं यातायात के नियमों के बारे में भी जानकारी दें।

### आत्मनिर्भर भारत विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम

**कैथल।** आरकेएसडी महाविद्यालय के सायंकालीन सत्र के सभागार में करियर गाइडेंस, काउंसलिंग सेल तथा अर्थशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में "आत्मनिर्भर भारत" विषय पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया। कुवि के पूर्व रजिस्ट्रार डॉ. कृष्ण चंद रेहलान ने विद्यार्थियों को संबोधित किया और आत्मनिर्भर भारत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश की प्रगति तभी संभव है जब युवा वर्ग अच्छे संस्कार प्राप्त कर और कठिन परिश्रम द्वारा अपने श्रेष्ठ गुण को पहचान कर उस पर कार्य करे। उसका श्रेष्ठ गुण ही उसे आत्मनिर्भर बनाने में सहायक सिद्ध होगा। संस्कारी विद्यार्थी ही जीवन में सफल होते हैं। अहंकारी और असंस्कारी को सफलता मिलना मुश्किल होता है। अर्जुन और दुर्योधन के उदाहरण देकर समझाया और उन्होंने यह भी कहा कि जब हम स्वदेशी वस्तुओं को अपनाएंगे।

# आज युवाओं का फैशन नशा: सुनील गर्ग

**कलायत।** श्री कपिल मुनि राजकीय महिला महाविद्यालय कलायत में ड्रग अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भाषण का विषय /"युवा वर्ग और नशा/" रखा गया था। छात्राओं ने भाषण के माध्यम से दर्शाया की समाज में बदलते परिवेश में कुछ नया करने के कामना मानसिक तनाव व बहुत से शौक ऐसे कारण है जो नशे के प्रचलन को बढ़ा रहे हैं। इसका शिकार हमारी युवा पीढ़ी हो रही है। नशा करना युवाओं में एक फैशन की तरह है जो दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। अगर इसी तरह हमारा युवा वर्ग नशे की लत में डूबा रहा तो समाज और देश का भविष्य पतन की तरफ अग्रसर हो जाएगा ।छात्राओं ने अन्य छात्राओं को संबोधित करते हुए उनसे आह्वान किया कि वह अपने घर, परिवार व समाज के अन्य लोगों को भी नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करें। प्राचार्य डॉक्टर सुनील गर्ग ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न शिक्षण संस्थानों में चलाई जा रही यह मुहिम युवाओं को नशे से दूर करने का ही प्रयास है। युवा देश का भविष्य है लेकिन आज हमारे समाज का अधिकतर युवा वर्ग विभिन्न नशीले पदार्थों का सेवन कर अपने जीवन को बर्बाद कर रहा है

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### कष्ट निवारण समिति की बैठक आज

**कैथल।** सीटीएम गुरविंद्र सिंह ने बताया कि 30 सितंबर को लघु सचिवालय के सभागार में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता डीसी प्रीति करेंगी। इस बैठक में सभी विभागाध्यक्ष मौजूद रहेंगे, ताकि बैठक में रखे गए सभी समस्याओं एवं परिवादों का मौके पर समाधान हो सकें।

## राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की बैठक, 150 आवेदन मिले

# संगठन में सभी वर्गों को मिल रहा प्रतिनिधित्व: डागर

- एक सप्ताह में कार्यकारिणी घोषित करने का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

शहर की गुरु रविदास धर्मशाला में सोमवार को कांग्रेस के राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की जिलास्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस के जिला प्रधान रिषिपाल हैबतपुर ने की। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से सुभाष गंगोली, वजीर गंगोली, बलराम कटवाल, जगबीर ढिगाना, अमनदीप बेलरखां, दीपक पिंडारा, कमल चौहान, सत्तू सांगतपुरा सहित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताटों ने भाग लिया।

कांग्रेस संगठन के राष्ट्रीय पर्यवेक्षक मोहन डागर, प्रदेश संयोजक मिथुन वर्मा और कमलेश राय, प्रदेश अध्यक्ष फोमलाल, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष निर्मल चौहान समेत संगठन से जुड़े कई नेताओं ने पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त बनाने के उद्देश्य से संगठन की भूमिका की जानकारी दी और कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया।



बैठक में भाग लेते हुए कार्यकर्ता।

### गांव स्तर तक पहुंचाएं पार्टी की विचारधारा

गांव स्तर पर आमजन तक पार्टी की विचारधारा पहुंचाने और संगठन की जड़ें मजबूत करने पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने बताया कि राजीव गांधी पंचायती राज संगठन भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के सपनों के अनुरूप लोकतंत्र को जमीनी स्तर तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। राष्ट्रीय पर्यवेक्षक मोहन डागर ने कहा कि संगठन के माध्यम से युवाओंए महिलाओं और पंचायत प्रतिनिधियों को आगे लाने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी की मजबूती के लिए गांव-गांव में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जिसमें संगठन की अहम भूमिका होगी। जल्द ही संगठन की ब्लॉक स्तर से लेकर प्रदेश स्तर की कार्यकारिणी गठित की जाएगी। जिसमें सभी वर्गों के लोगों को शामिल किया जाएगा। बैठक के दौरान संगठन में सक्रिय भूमिका निभाने के इच्छुक कार्यकर्ताओं का उत्साह देखने को मिला। लगभग 150 कार्यकर्ताओं ने संगठन में दायित्व लेने के लिए आवेदन पत्र भरे और अपनी प्रतिबद्धता जताई। अध्यक्षीय संबोधन में कांग्रेस के जिला प्रधान रिषिपाल हैबतपुर ने कहा कि संगठन को हर पंचायत और गांव तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं और आगामी चुनावों में कांग्रेस पार्टी को मजबूत समर्थन दें। जींद में आयोजित इस बैठक में सभी कांग्रेस कार्यकर्ता एकजुट नजर आये। बैठक के उपरांत संवाददाताओं से बातचीत करते हुए राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय पर्यवेक्षक मोहन डागर ने कहा कि संगठन के जुड़े पदाधिकारियों को जहां पार्टी की मुख्य कार्यकारिणी में प्रतिनिधित्व दिया जा रहा है।